## उपमुख्यमंत्री, सांसद सहित विधायकों व महापौर की मौजूदगी में हुआ साउथ रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

# साउथ स्टेशन में हुए कायाकल्प से यात्रियों को मिलेंगी और भी बेहतर सुविधाएं, स्टेशन में आधुनिक भारत की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अमृत भारत योजना के तहत देश भर के एक सैकड़ा से अधिक रेलवे स्टेशनों में अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं सहित कायाकल्प किया गया है। चयनित स्टेशनों में कटनी जिले का साउथ स्टेशन भी योजना में शामिल है। 12 करोड़ 88 लाख से साउथ स्टेशन में न सिर्फ आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी बल्कि यात्रियों को भी सहूलियतें मिलेंगी। गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम से कटनी साउथ रेलवे स्टेशन सहित देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर यहां कटनी साउथ अमृत रेलवे स्टेशन में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और सांसद खजुराहो एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा, यात्री सुविधाओं से युक्त, अत्याधुनिक और नये स्वरूप में बने अत्यंत सुंदर और भव्य रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के साक्षी बने।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, डीआरएम





कमल तलरेजा, एरिया मैनेजर रेलवे रोहित सिंह, सीनियर डीसीएम मधुर वर्मा एवं पूर्व राज्य मंत्री अलका जैन उपस्थित रहे।

### नए स्वरूप में दिखेगा स्टेशन

इस मौके पर उपमुख्यसमंत्री राजेन्द्रल शुक्लप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि समाज के हर वर्ग को खासतौर पर गरीब और मध्यनम वर्ग को सभी प्रकार की सुविधायें मिले। इस साउथ रेलवे स्टेशन का जो कायाकल्प हुआ है उससे यह अत्यीधुनिक सुविधायुक्त स्वरूप में नजर आने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छतता अभियान चलाकर गंदगी से मुक्ता करने का अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा गंदगी प्रायः पहले रेलवे स्टेशनों में ही दिखती थी। लेकिन अब नए स्वरूप में यहां उपलब्ध अत्यानधुनिक सुविधाओं के विकास से स्थिति बदल गई है। उन्होंनि कहा कि देश की अर्थव्यवस्था् मजबूत हुई है। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यकवस्थाा बन चुके हैं। उन्होंटने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उप मुख्यजमंत्री ने कहा कि देश में कौशल संवर्धन की दिशा में गंभीर प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कटनी में खुलने वाले पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेज के प्रति सर्वाधिक कंपनियां एवं संस्थाकनों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने बड़ी साफगोई से कहा कि कटनी का जिला अस्पताल शासकीय स्वंरूप में यथावत कार्य करता रहेगा। यहां मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा और दवाईयां पूर्ववत मिलती रहेंगी।

### कटनी का अहम योगदान

इस दौरान अपने संबोधन में प्रदेश भाजपा अध्ययक्ष एवं सांसद बीडी शर्मा ने कहा कि कटनी साउथ रेलवे स्टे शन की भव्ययता का स्वतरूप वास्तरव में प्रधानमंत्री श्री मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्ण ाव की परिकल्पहना है। उन्होंने कहा कि कटनी में ही एशिया का पहला ग्रेड सेपरेटर यानि रेलवे का ओवरब्रिज बना है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि इन सभी बड़ी योजनाओं के रूप में प्रधानमंत्री ने कटनी को सौगात दी है। सांसद ने कहा कि कटनी रेलवे को सर्वाधिक रेवन्यू देने में शामिल है। कटनी के विकास में रेलवे का अहम योगदान है। सांसद ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने आज कटनी सहित प्रदेश के 6 रेलवे स्टे शनों को पुनर्विकसित कर इनका उद्घाटन कर जनता के लिए लोकार्पित किया है। कार्यक्रम को विधायक विजयराघवगढ़ पाठक, विधायक मुड़वारा जायसवाल, विधायक बड़वारा सिंह, महापौर श्रीमती सूरी और जिला भाजपा अध्याक्ष दीपक टंडन सूरी ने भी संबोधित किया।

### कटनी साउथ रेलवे स्टेशन

कटनी साउथ रेलवे स्टेशन, जिसे अब आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक पहचान के साथ नया स्वरूप प्रदान किया गया है, 12.88 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। स्टेसशन के मुख्यक प्रवेश द्वार के सामने स्वातंत्रता, शौर्य और स्वा भिमान के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थानपित की गई है।

पुनर्विकास कार्यों में स्टेशन भवन का नवनिर्माण, भव्य प्रवेश द्वार, विकसित प्रतीक्षालय, पर्याप्त टिकटिंग काउंटर, दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय एवं रैम्प, दोनों ओर के हाई लेवल प्लेटफॉर्म पर कवर शेड्स शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्गीकरण किया गया है और आधुनिक एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। कटनी साउथ स्टेशन अब सिर्फ एक रेलवे हब नहीं बल्कि आधुनिक भारत की झलक प्रस्तुत करता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस विकास से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

## खबर संक्षेप

### कमियां पाये जाने पर दो स्कूल वाहनों के फिटनेस निरस्त

**कटनी।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल ने श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल की दो वाहनों की फिटनेस निरस्ता कर दिया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर स्कूल बसों, ओवरलोडेड मालवाहकों और लोक सेवायान पब्लिक बस के विरूद्ध जांच का कार्य सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में गुरूवार 22 मई को बस स्टैंसड कटनी के समीप श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के वाहन क्रमांक एमपी MP 21 ZF 1990 और MP 21 ZF 1905 की स्कूल वाहन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि श्री राम इंटरनेशलन स्कूल की बस में अग्निशमन यंत्र, कैमरा पैनिक बटन आदि नहीं पाये गए। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्कूकल वाहन में उपरोक्ता कमियों को दृष्टिगत रखते हुए दोनों वाहनो का फिटनेस प्रमाण पत्र तत्कासल प्रभाव से निरस्तल कर दिया है। साथ ही श्री राम इंटरनेशनल स्कू ल प्रबंधन को निर्देशित किया है कि स्कूटल वाहन में अग्निशमन यंत्र कैमरा पैनिक बटन आदि की विसंगतियों को सुधारकर वाहन का पुनः फिटनेस करवाने के लिए कार्यालय में प्रस्तुयत करें।

### बीएलओ सुपरवाईजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी।** गुरूवार दोपहर 12 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राकेश बारी व्याख्याता जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नियुक्त बीएलओ सुपरवाईजरो को प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ के निरीक्षण एवं सहायता हेतु अधिकतम 10 मतदान केन्द्रों पर 01 बीएलओ सुपरवाईजर नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची तैयार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने, संशोधित करने संबंधी जानकारियां दी गई।

### इलाज के दौरान घायल महिला की मौत

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खमतरा गांव के पास बुधवार की दोपहर ईको कार पलट जाने से घायल एक और महिला की मौत हो गई। इस हादसे में पहले ही तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मिथिला बाई पति पुरुषोत्तम बर्मन 55 की गुरूवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कटनी।** उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में गुरूवार को विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के विज्ञान विषय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन करने पर चर्चा की गई। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए जैव विविधता दिवस हर वर्ष 22 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' रही। कार्यक्रम में जिले के इको क्लब के मास्टर ट्रेनर राममनोज साहू, नोडल अधिकारी राजेश अग्रहरी मौजूद थे।

## महादेवी मन्दिर और प्राचीन बावली में श्रमदान कर किया साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड ढीमरखेड़ा द्वारा सिलौंड़ी सेक्टर के दशरमन गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशरमन के महादेवी मंदिर और प्राचीन बीहड़ (बावली) में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं ने श्रमदान कर साफ सफाई की गई। कचरे को एकत्रित कर उचित निस्तारण किया गया। जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को शपथ दिलाई।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के नेतृत्व में सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं को महादेवी मंदिर



और बीहड़ का शैक्षणिक भ्रमण कराया। महादेवी मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित रमेश गर्ग ने मातारानी के मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी दी। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने छात्रों से पाठ्यक्रम संबंधित असाइमेन्ट और फील्ड वर्क को लेकर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को समयसीमा पर पाठ्यक्रम से जुड़े कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान समरसता भोज का आयोजन किया गया।इस मौके पर सरपंच सीमा भारत शुक्ला,रवि श्रीवास्तव, कोदुलाल हल्दकार, राजेन्द्र दुबे, सत्येंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के सामने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम झरेला के ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि दिनांक 23 दिसंबर 2024 से बड़वारा तहसील अंतर्गत झरेला रेलवे फाटक में भूमिगत पुल बनवाने के लिए चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन की आज दिनांक तक कोई सुनवाई न होने से प्रभावित किसानों की ओर से 22 मई 2025 को कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चित कालीन धरना आंदोलन प्रारम्भ किया है। मांगों को लेकर ग्रामवासियों के द्वारा नारे बाजी की गई।

गौरतलब है कि रेलवे फाटक बंद होने से सैकड़ो किसान कृषि कार्य नहीं कर पाएंगे। सरकार का दायित्व है कि रेल प्रशासन की



तानाशाही के चलते किसानों की रोजी-रोटी पर यदि संकट आता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी क्योंकि अपने राज्य के किसानों की रोजी-रोटी को बचाना उनका संरक्षण करना राज्य सरकार का दायित्व है। अब तक क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद किसानों की समस्याओं पर कोई भी जवाब देही नहीं निभा पाए हैं बिलासपुर रेलवे जोन के अधिकारी जीएम, डीआरएम की तानाशाही कर रहे हैं समस्त किसान इस आंदोलन के द्वारा मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि बिलासपुर रेलवे अधिकारी से झरेला रेलवे फाटक में भूमि बनता है तो उक्त रेल खंड में रेल संचालन आप किया जाएगा।

भारतीय संघर्ष मोर्चा एवं भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के किसानों के साथ मप्र के किसानों से लेकर कटनी कलेक्ट्रेट में भी अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू किया जाएगा बिलासपुर रेलवे जोन द्वारा रूपोंद ग्राम में भी भूमिगत पुल नहीं बनवाया गया है।

बिलासपुर जोन अंतर्गत कोड़ो रेलवे फाटक बिना भूमिगत पुल बनवा रद्द कर दिया गया है इस उक्त ग्राम के प्रभावित किसानों को साथ लेकर उक्त आंदोलन को आगे चलाएंगे यदि कटनी जिला प्रशासन और मप्र शासन चाहे तो बिलासपुर जोन जबलपुर जोन के तानाशाह अधिकारियों से चर्चा कर हमारी समस्या हल करते हैं एवं किसानों की अन्य मांगें पूरी करते हैं तो यह आंदोलन स्थगित भी किया जा सकता है पोर्टल खोलकर लाड़ली बहना का फार्म भरा जाए। पंच सरपंच उप सरपंच एवं वृद्धावस्था पेंशन कल्याणी पेंशन दिव्यांग पेंशन प्रधानमंत्री आवास अन्य योजना शहर अनुसार ग्रामीणों को भी समानता का अधिकार दिया जाए।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कटनी वनमंडल को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, शाहपुरा भोपाल के सभागार में राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार-2023 के लिए आयोजित भव्य कार्यक्रम में वनमंडल कटनी को मध्य प्रदेश में पहुंच एवं लाभ प्रभाजन (एक्सेस एण्ड बेनिफिट शेयरिंग) के अधिकतम अनुबंध एवं अधिकतम राशि (श्रेष्ठ वनमंडल) की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

राज्य वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार, अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव मध्य प्रदेश बायोडायवरिसिटी बोर्ड सुदीप सिंह द्वारा गौरव शर्मा वनमंडल अधिकारी कटनी एवं जी. एन. शुक्ला (उपवनक्षेत्रपाल) पदेन परिक्षेत्र अधिकारी को पुरस्कार दिया गया।

वनमंडल कटनी अंतर्गत पहुंच एवं लाभ प्रभाजन की 1 प्रतिशत की राशि व्यापारियों से म0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड के खाते में हस्तांतरण की जाती है तथा 1 प्रतिशत की राशि वनमंडल कटनी अंतर्गत गठित जैव विविधता समितियों में जमा की जाती है। वनमंडल कटनी द्वारा जैव संसाधनों के क्रय-विक्रय एवं संग्रहण हेतु समस्त व्यापारियों से रजिस्ट्रेशन कराया जाता है, बिना रजिस्ट्रेशन के अगर कोई व्यापारी व्यापार करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाती है। लाभ प्रभाजन की राशि अत्यधिक होने का तात्पर्य है कि कटनी वन मंडल में वनोपज की प्रचुरता है। इस लाभ प्रभाजन राशि को समित द्वारा विकास एवं अन्य कार्यों में उपयोग किया जा सकता है।

## अनाज के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर 7.32 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अनाज के अवैध परिवहन और भंडारण पर गुरूवार को जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर गठित मंडी उड़नदस्तान दल द्वारा अनाज के अवैध परिवहन करने वाले वाहनों और भंडारण करने वाले प्रतिष्ठाननों के विरूद्ध माह अप्रैल व मई में कार्यवाही करते हुए पांच गुना मंडी शुल्कन की राशि 7 लाख 32 हजार 57 रूपये जमा कराने की कार्यवाही की गई है। कृषि उपज मंडी के सचिव किशोर कुमार नरगांवे ने बताया कि एसडीएम कटनी एवं भारसाधक अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध अनाज परिवहन करने वाले 8 वाहनों और अवैध भंडारण पर 5 फर्मों से 5 गुना मंडी शुल्कत, निराश्रित शुल्कट और समझौता शुल्क वसूला गया है।

### इन वाहनों पर हुई कार्यवाहीं

लहसुन के अवैध परिवहन पर वाहन क्रमांक RJ09GE5430 द्वारा 15.70 क्विंटल लहसुन के कृषि उपज के अवैध परिवहन पर 5 गुना कीमत पर देय मंडी शुल्कि, समझौता शुल्की के रूप में कुल 6 हजार 925 रूपया जमा कराये गए हैं। इसी तरह पांच अन्य वाहनों क्रमशः MP35GA1320, MP 17 HH 1592, MP 22 ZF 5401, MP 21ZE2943 एवं MP 21 H 1946 से चना कृषि उपज की 1344.20 क्विंटल अवैध परिवहन पाये जाने पर इसके मूल्य9 77 लाख 23 हजार 40 रूपये के 5 गुना कीमत पर देय मंडी शुल्क1, निराश्रित शुल्कस, समझौता शुल्का को मिलाकर 4 लाख 68 हजार 384 रूपये की राशि वसूली गई है।

इसी प्रकार 2 वाहनों क्रमांक क्रमशः MP20HB6386 एवं MP66H1508 से 613.80 क्विंटल चना का अवैध परविहन करने पर इसकी कीमत 33 लाख 14 हजार 250 रूपये की 5 गुना कीमत पर देय मंडी शुल्कर व निराश्रित शुल्क7 1 लाख 98 हजार 855 रूपये की राशि वसूली गई।

### इन फर्मों से हुई वसूली

कृषि उपज मंडी के उड़न दस्तु दल ने अनाज के अवैध भंडारण पर 5 संस्था नों, प्रतिष्ठा2नों व फर्मों पर भी दांडिक शुल्के अधिरोपित कर वसूली की है। जिसमें फर्म रॉय ट्रेडर्स रीठी के स्टॉवक और भौतिक अंतर की मात्रा 25 क्विंटल गेहूँ पाया गया। जिसकी कीमत 62 हजार 500 रूपये है। इनसे मंडी शुल्कौ निराश्रित व समझौता शुल्क मिलाकर 4 हजार 750 रूपये की राशि वसूली गई।

श्यामिसुंदर रॉय फर्म रीठी के स्टॉशक और भौतिक अंतर 30 क्विंटल गेहूँ पाया गया। जिसकी कुल कीमत 75 हजार रूपये पाई गई। इस फर्म से मंडी शुल्कव, निराश्रित व समझौता शुल्क2 मिलाकर 5 हजार 500 रूपये की राशि वसूली गई।

इसके अलावा माधव मोहन ट्रेडस रीठी के स्टॉगक और भौतिक स्टॉक में 27.10 क्विंटल का अंतर गेहूँ पाया गया। जिसकी बाजार कीमत 67 हजार 750 रूपये है। इनसे मंडी शुल्कि निराश्रित व समझौता शुल्के मिलाकर 5066 रूपये की राशि वसूली गई।

एक अन्य फर्म संस्काजर इंडस्ट्रीज कटनी के दर्ज स्टॉ क और भौतिक स्टॉ क में 10.10 क्विंटल मसूर का अंतर पाया गया जिसका बाजार मूल्य 61 हजार 610 रूपये के आधार पर 5 गुना मंडी शुल्का, निराश्रित व समझौता शुल्कं को मिलाकर 4 हजार 697 रूपये वसूले गए। इसी तरह कविता पल्सेरस कटनी फर्म के स्टॉकक में 88.03 क्विंटल मसूर उपज का अंतर पाये जाने पर इसकी कुल कीमत 67 हजार 750 रूपये के 5 गुना मंडी शुल्कं, निराश्रित शुल्क और समझौता शुल्कै को मिलाकर 37 हजार 880 रूपये का दांडिक शुल्कं वसूल कर जमा कराया गया है। इन वाहनों और फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही में मंडी निरीक्षक सीएस मरावी, सहायक उप निरीक्षक सुधीर त्रिपाठी, विकास मिश्रा, प्रशांत मौर्य एवं रघुवीर सिंह खुशराम की भागीदारी रही।

### बी.डी. अग्रवाल एवं गुरूनानक वार्ड में 41.51 लाख से होंगे विकास कार्य

## महानगरों की तर्ज पर नगर के पोलों में लगेंगी डेकोरेटिव लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में इजाफे के साथ ही नगर को सुंदरता प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा नवाचार किया जाकर विकास कार्यो को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।

नगर विकास को गति प्रदान करने के साथ ही नगर की सुंदरता एवं नागरिकों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा बुधवार को बी.डी अग्रवाल वार्ड एवं गुरुनानक वार्ड में 41.51 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्य भूमिपूजन निगम के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में किया गया।



भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, क्षेत्रीय पार्षद जन एड. मौसूफ बिट्टू पार्षद बी.डी. अग्रवाल वार्ड,प्रियंका बिट्टू पार्षद गुरुनानक वार्ड, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद श्री शशिकांत तिवारी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, विजय डब्बू रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

गुरुनानक वार्ड एवं बी डी अग्रवाल वार्ड में नागरिकों को इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की सौगात देने पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि निगम प्रशासन द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो में गुणवत्ता के साथ ही नगर की नगर की सुंदरता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण हो जाने पर महानगरों की तर्ज पर गुरुनानक वार्ड एवं बी.डी. अग्रवाल वार्ड के मध्य स्टेशन रोड से सुभाष चौक एवं अन्य रोड की सार्वजनिक सड़कें डेकोरेटिव पोल की रोशनी से जगमगाएंगी। निकट भविष्य में नगर के अन्य मुख्य मार्गो में भी डेकोरेटिव पोल की स्थापना की जाएगी ताकि हमारा शहर विकास को एक नई गति प्रदान की जा सके।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा दिलबहार चौक में विधायक निधि से कराये गए बोर में मशीन बैठाकर क्षेत्रीय जनों को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित चौराहे पर पोल की व्यवस्था कर तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर पुराने जी.आर.पी थाना स्थल क्षेत्र का भी निरीक्षण किया।

इसके पूर्व क्षेत्रीय पार्षद एवं स्थानीय व्यापारी गणों द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों का इस महत्वपूर्ण सौगात को प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान झूलेलाल मार्केट, शालीमार मार्केट एवं मेन रोड व्यापारी संघ के पदाधिकारियों सहित विक्की मंगलानी,विक्की वाधवानी, कुसुम गोस्वामी, दीपक मंगलानी, जयप्रकाश रोचलानी, मुन्ना भाईजान आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शहर में जल भराव की समस्या से निबटने चल रहा सफाई कार्य

**कटनी।** मानसून में नगर निगम क्षेत्र में जल जमाव की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसको लेकर निगम प्रशासन सतर्क है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य अमले को आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न वार्डो के बड़े एवं छोटे नाले- नालियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए थे, ताकि नागरिकों को जल जमाव की समस्या का समना न करना पड़े। गुरूवार को नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के साथ ही जगमोहनदास वार्ड के आधारकाप स्थित बड़े नाले एवं आचार्य विनोवा भावे वार्ड की विभिन्न स्थलों की नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य किया गया। इसके अलावा बारिश में शहरवासियों को जलजमाव से होने वाली समस्याओं के निजात दिलानें के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों से जमे गाद-गंदगी को निकालनें का कार्य किया जाकर पानी की निकासी सुगमता के साथ करनें के प्रयास किये जा रहे है। नगर में स्वच्छता दूतों के अलावा जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के माध्यम से नाले-नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण करने का काम किया जा रहा है। स्वयं उपायुक्त द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था की निगरानी की जाकर स्वास्थ्य अमले को दिशा निर्देश दिए जा रहे है।

### कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी ने किया फसलों का निरीक्षण

**उमरियापान।** खेती में लचीलापन बढ़ाने के लिए बनेहरी के किसान पारस पटेल ने जलवायु अनुकूलन तकनीकी से खेती करना शुरू किया। किसान ने बनेहरी गांव में करीब 15 एकड़ जमीन में मूंग और उड़द की फसल बोई। गुरुवार को कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार,तकनीकी अधिकारी संजय कुमार और ढीमरखेड़ा कृषि विभाग के प्रभारी अधिकारी आरएस श्याम, स्नेहलता कोरचे, निशा सोलंकी, अश्वनी पटेल,प्रकाश अवश्य की टीम बनेहरी किसान के खेत पहुँची। अधिकारियों ने खेतों में बोई फसल को देखा और निरक्षण किया। अधिकारियों ने पाया कि फसल की मिट्टी की उर्वरा शक्ति,तकनीक और उपज बिल्कुल सही है। किसान पारस पटेल ने बताया कि कृषि यात्रा में उन्होंने एक निजी कंपनी जबलपुर (बीसा) और ढीमरखेड़ा के कृषि विभाग अधिकारियों से उन्होंने सम्पर्क किया। जहां से उन्हें जलवायु अनुकूलन कृषि की जानकारी मिली। कृषि को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने सुपर शिड्रिल से 15 एकड़ में बुवाई कराई। किसान ने बताया कि जलवायु अनूकूलन तकनीकी से उन्होंने कृषि प्रणाली को रूपांतरित किया। साथ ही खेत की मिट्टी के स्वास्थ्य को भी पुनर्जीवित किया है। किसान पारस पटेल की तकनीक से क्षेत्र के अन्य किसान भी प्रभावित हुए हैं।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

**कटनी।** जहरीले पदार्थ का सेवन करने से एक महिला की मौत हो गई है। घटना बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करेला की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले को जांच मे लिया है। जानकारी के अनुसार पूनम यादव पति अनुज यादव 35 निवासी करेला थाना बरही ने अज्ञात कारणों के चलते जहर पीकर आत्महत्या कर ली है। महिला ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### करंट से युवक की मौत

**कटनी।** करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सुंदरपुर की है। युवक की मौत की सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार अमेहटा तालाब खेत के पास धनेश लाल पिता रामदास भुमिया 30 निवासी ग्राम सुन्दरपुर थाना स्लीमनाबाद की करंट लगने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा मामले को जांच में लिया है।

### ग्राम मुहास में आयोजित लोक सुनवाई में कलेक्टर से ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

# सरकारी भूमि में कब्जा, रास्ता हो गया तंग विरोध करने पर जान से मारने दे रहे धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप यादव गुरुवार को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। कलेक्टर श्री यादव ने यहां आस-पास के क्षेत्रों से पहुंचे 60 ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए । इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

लोक सुनवाई के दौरान भारतलाल चौधरी पिता लालमन चौधरी ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पिता का स्वर्गवास होने के बाद मैंने तहसील कार्यालय में फौती नामांतरण हेतु आवेदन दिया था। लेकिन तहसीलदार द्वारा फौती नामांतरण करने हेतु इश्तहार प्रकाशित करवाने हेतु कहा है। मेरी आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से मैं इश्तहार का प्रकाशन करने में असमर्थ हूँ। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को शिकायत का निराकरण कराने निर्देश दिए।

ग्राम पटेहरा निवासी चंद्रभान लोधी पिता रामरतन लोधी ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पटेहरा के



पटवारी हल्का नंबर 15 रा.नि.म. बड़गांव अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 88, 146/2, 151, 231/2, 231/4 कुल किता 13 कुल रकवा 8.05 हेक्टेयर भूमि पूर्व में रामकुमार, कोमल प्रसाद, चंद्रभान, उदयभान, कमलाबाई, मिथला बाई, रामरतन, सियाबाई वेबा रामरतन के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज थी लेकिन वर्तमान अभिलेख में केवल रामकुमार पिता रामरतन का नाम दर्ज है। शेष अन्य खातेदारों का नाम बिना किसी आधार एवं आदेश के विलोपित कर दिया गया है। कलेक्टर ने एसडीएम को मामले की जांच कर निश्चित समयावधि में शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम बड़गांव के ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए कहा कि शांतिनगर मुहल्ले में नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। साथ ही इस निर्माण कार्य की वजह से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को समय-सीमा में शिकायत का निराकरण करने निर्देशित किया।

मुहास ग्राम के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर श्री यादव से मांग की कि विद्युत आपूर्ति हेतु 1 किमी दूर से तार खींचकर लाना पड़ता है। जिससे पर्याप्त बोल्टेज नहीं प्राप्त होता। साथ ही दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। इसलिए श्मशान घाट में लगे 25 केवी के किसान ट्रांसफर की जगह 63 केवी के घरेलू ट्रांसफर लगवाये। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने विद्युत विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्राम मुहास निवासी जमुनाबाई पति स्व. जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए कहा कि शासन द्वारा हमें इंदिरा आवास योजना के तहत 1983 में प्लॉट नंबर 1 का पट्टा प्रदान किया गया था। जिस पर हम काबिज है। परंतु रामकुमार पटेल द्वारा हमारे गेट के सामने पड़ी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर चाय की दुकान संचालित की जा रही है। साथ ही धीरे-धीरे कब्जा बढ़ाया जा रहा है। जिससे हमारे आने-जाने का रास्ता संकीर्ण होता जा रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज एवं मारने की धमकी दी जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को मौका मुआयना कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए ।




# मातृशक्तियों द्वारा निकाली गयी शौर्य सम्मान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पहलगाम की बेसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा हमारी बहनों के सिंदूर को उनके सामने ही उजाड़ दिया गया इसके बाद भारतीय सेना ने आतंकवादियों को इसका बहुत ही करारा और सटीक जवाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के समर्थन में शौर्य सम्मान यात्रा का कार्यक्रम समाज की मातृ शक्तियों एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा कटनी के माधवनगर में आयोजित किया गया। यात्रा में सबसे आगे भारत माता के दोनों ओर कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह की वेशभूषा में बच्चे शामिल थे इसके पश्चात पूर्व सैनिक यात्रा की अगुवाई कर रहे थे ,इसके पीछे विशाल तिरंगा झंडा जिसे शहर की मातृशक्तियां ,स्कूल कॉलेज की छात्रा बहनें लेकर चल रही थी। जिनके जोश एवं उत्साह ने यात्रा को भारत माता की जय, और सेना के सम्मान में, निकले हम मैदान में जैसे नारों के उद्घोष से बहुत ही ओजपूर्ण बना दिया। यात्रा के प्रारंभ होने से पहले मंच से पांच पूर्व सैनिकों का सम्मान मातृशक्तियों द्वारा किया गया ।तत्पश्चात वक्ता के रूप में सुनीता गर्ग दीदी एवं वसुंधरा सिंह दीदी का बहुत ही ओजस्वी उद्बोधन सभी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन नीतू कनकने द्वारा एवं आभार प्रदर्शन डॉ अमित साहू द्वारा किया गया ।यात्रा समदड़िया सिटी के सामने से प्रारंभ होकर माधव नगर के मेन मार्केट पर समाप्त हुई। मातृशक्तियों द्वारा आयोजित इस पूरी यात्रा ने पूरे माधव नगर क्षेत्र को देश भक्ति भाव से ओत प्रोत कर दिया। यात्रा से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हमारा समाज अपने देश और भारतीय सेना के हर कदम का समर्थन करता है और हमेशा साथ खड़ा है।

*निगमायुक्त ने प्रगति की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश*

# नागरिकों की समग्र आई.डी का आधार से ई-के.वाय.सी करने लग रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत निवासरत नागरिकों की समग्र पोर्टल मे समग्र आई.डी का आधार नंबर से शत-प्रतिशत ई- के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभियान स्वरूप कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा इस कार्य की रोजाना की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो मे शिविर एवं डोर-टू- डोर नागरिकों से संपर्क कर समग्र ई-केवाईसी का कार्य निरंतर जारी रखा जाकर अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र से आधार लिंक कराने की



कार्यवाही पूर्ण की जा रही है। इसी कार्यवाही के तहत गुरूवार को आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित उपकार्यालय एवं नेहरू वार्ड के नेपाली मोहल्ला हाउसिंग बोर्ड एवं आंगनबाड़ी केन्द्र मे निगम के गठित दल द्वारा नागरिकों की समग्र ई-के.वाय.सी हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागरिकों के यहां डोर टू डोर संपर्क किया जाकर ई-के.वाय.सी की कार्यवाही से वंचित नागरिकों की समग्र आई से आधार का ई-के.वाय.सी कार्य करने का कार्य किया गया।

राज्य शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस अभियान के दौरान जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सी.एस.सी.के, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

नागरिकों के लिए ई-के.वाय.सी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। कियोस्क एजेंसी को प्रति सफल ट्रांजैक्शन हेतु एम.पीएस.ई.डी.सी द्वारा प्रति ट्रांजेक्शन निर्धारित शुल्क लिया जायेगा।

### वालंटियर्स को आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण



जनपद पंचायत बड़वारा में गुरूवार को को आपदा प्रबंधन वॉलिंटियर का प्रशिक्षण अधिकारियों कर्मचारी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में वालंटियर को आपदा के समय नागरिकों को सतर्क सुरक्षा एवं बचाव के उपाय बताए गए जिसमें युद्ध के पूर्वसायरन की ध्वनि को पहचाना बिल्डिंग में आग लगे या गिरने पर आपदा के समय नागरिकों को सुरक्षित निकलने घायलों को प्राथमिक उपचार के साथ स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना वालंटियर के द्वारा सामान्य नागरिकों की जान माल की सुरक्षा करना आदि बताया गया। इस दौरान उदयभान दाहिया खंड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा, श्वेता गुप्ता प्लाटून कमांडर होमगार्ड, ओपी दुबे रिटायर्ड कंपनी कमांडर होमगार्ड ,वीरेंद्र खरे फायरमैन नगर निगम, जीएस तिवारी एएम ओ बड़वारा चिकित्सालय, आर जी त्रिपाठी रिटायर्ड सीडीआई, राजेश चौधरी स्वच्छता ग्राही बड़वारा उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में कार्य पद्धति की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रान्त तहसील ईकाई ढीमरखेड़ा और स्लीमनाबाद का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम उमरियापान के मंगल भवन में गुरुवार को आयोजित हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में संघ के पदाधिकारियों ने संगठन की रीति नीति,कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, आचरण, करणी कार्य सहित विषयों पर जानकारी साझा किया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत भारत माता और भगवान बलराम के पूजन उपरांत हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रांत कार्यसमिति सदस्य नंदकुमार परौहा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और भारतीय किसान संघ की अवधारणा बताई।प्रांत उपाध्यक्ष हेतराम पटेल ने रीति नीति से अवगत कराया। प्रांत



महामंत्री प्रहलाद पटेल ने हमारी कार्य पद्धति को लेकर जानकारी दी। संभागीय मंत्री बिहारी लाल निगम ने ग्राम समिति के रचनात्मक कार्यों को बताया।सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी सतीष ज्योतिषी ने कृषि आयामों को लेकर जानकारी दी। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पटेल ने समापन सत्र पर किसानों को एकजुटता के साथ कार्य करने का मूलमंत्र देते हुए आभार जताया। इस मौके पर ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा, स्लीमनाबाद अध्यक्ष प्रकाश पूरी, बहोरीबंद अध्यक्ष कंछेदी लाल पटेल, जिला मंत्री रूप सिंह राठौर, सरपंच अटल ब्यौहार,कालूराम चौरसिया, ज्ञानचन्द चौरसिया, चमन काछी,रामजी ब्यौहार,आशीष चौरसिया,सतीश चौबे,प्रकाशनाथ साहू, शैलेन्द्र झारिया मोजूद रहे।

*महाविद्यालय बरही में मनाया गया विश्व जैव विविधता दिवस*

# जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको-क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया में 22 मई को विश्व जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य जैव विविधता के संरक्षण के लिए लोगों का ध्यान खींचना है, जिससे कि सभी लोग अपने आस-



पास की विभिन्न जैव विविधताओं के संरक्षण में अपना योगदान दें। पृथ्वी का जैव विविधता में संतुलन बिगड़ना सभी के लिए एक बड़ी समस्या है। साथ ही पेड़ों की कटाई को हीट वेव एवं जैव विविधता में हो रहे परिवर्तन का कारण बताया एवं कहा कि पेड़ों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंतने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने बताया कि जैव विविधता के संरक्षण के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की गई। भारी मात्रा में आज पेड़ काटे जाने, जल एवं वायु प्रदूषण के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व में जैव विविधता के लिए खतरे का संकेत है। अंत में डॉ. मंजूलता साहू ने कहां कि आज विश्व जैव विविधता दिवस के दिन सभी को पर्यावरण संरक्षण के साथ ही पर्यावरण को बेहतर बनाने व पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। इस दौरान में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी, ईको क्लब प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रूपा शर्मा, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, दीपक मिश्रा, डॉ. अरुण तिवारी, एच एस वाजपेई, महिमा तिवारी, आशीष तिवारी, राजेश्वरी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण होनें से नागरिकों को मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा

# जगमोहनदास वार्ड में 25 लाख के विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं एवं आवागमन की सुगम व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर विकास कार्य कराये जा रहे है। इन्ही विकास कार्यो को गति प्रदान करते हुए बुधवार को जगमोहन दास वार्ड के विभिन्न 8 स्थलों पर लगभग 25 लाख रुपये की लागत से कराये विकास कार्यो का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के हस्ते संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षद तथा मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद सहित सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सहित पार्षद शकुंतला सोनी पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, विजय डब्बू रजक सहित अन्य जनों की विशेष मौजूदगी रही।

जगमोहन दास वार्ड के नागरिकों



को वार्ड के विभिन्न स्थलों में 25 लाख की लागत से सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु सी.सी. रोड निर्माण कार्य की सौगात देनें पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगम के पार्षदों एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों के साथ संत नगर स्थित घनश्याम मूलचंदानी गली में आयोजित कार्यक्रम में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण के बीच पूर्व पार्षद श्रीमती पार्वती निषाद, निरंकारी मंडल प्रमुख सुनील मेघानी एवं बच्ची भूमि निषाद द्वारा विधिवत पूजन अर्चना कर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कुदाली चलाकर भूमिपूजन किया।

#### नगर का विकास ही लक्ष्य

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा अनुसार नगर विकास कोई कमी न रहे इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। विकास कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, आवश्यकता के अनुरूप प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराये जा रहे है। हमारा यह प्रयास रहेगा की शहर के हर नागरिक को बेहतर से बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकें। आपने कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा नाली निर्माण आदि के कार्य हेतु स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने हेतु क्षेत्रीय उपयंत्री जे.पी.बघेल को निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी नें विकास कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी स्थानीय जनों से किया।

क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद नें नगर विकास हेतु विकास कार्यो को स्वीकृत किये जाने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि वार्ड के निरंकारी भवन, सुलभ जैन के घर से राजेन्द्र कुशवाहा के घर तक, शैलेष जायसवाल जी के मकान के पास तथा धर्मलोक हॉस्पिटल के सामने चंदू दरयानी जी के घर के पास सी.सी. रोड निर्माण हो जाने क्षेत्रीय रहवासियों सहित नगर के अन्य नागरिकों को भी सुगम यातायात की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

इसके पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं स्थानीय पार्षद जयनारायण निषाद का क्षेत्रीय जनों द्वारा पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया जाकर भविष्य में भी वार्ड के विकास कार्यो में इसी तरह से सहयोग प्रदान करने की बात कही।

इस दौरान लकी सचदेवा, मनोज पंजवानी, राजेश रोहरा, अनिल पाटनी, विनोद जायसवाल, श्याम निषाद, प्रशांत कुटकार आदि मौजूद रहे।

### मदरसा बोर्ड शिक्षा के लिए आवेदन 23 मई से

**कटनी।** राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2025-26 में मदरसा मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत पोर्टल पर 23 मई से 30 जून तक के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें वर्ष 2025 तक मान्यता प्राप्त सामान्य मदरसों के अतिरिक्त वर्ष 2022 तक मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके बाद ऐसे मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय निगरानी कमेटी का किया गठन

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के तहत दमोह जिले में जिला स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने एवं अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने तथा उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिला स्तरीय निगरानी कमेटी का गठन किया है। गठित समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दमोह जिला स्तरीय निगरानी कमेटी अध्यक्ष होंगे। पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह को गठित समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन जन कल्याण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, जिला समन्वयक, जन अभियान परिषद, सहायक संचालक, जनसंपर्क दमोह को समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है ।

### इनमें बाघिन की संख्या 70 फीसदी, 5 साल में 50 तक पहुंचने की संभावना

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 7 साल में 11 गुना हुए टाइगर

**अनुकूल माहौल से वंशवृद्धि- चिंकारा हिरण व नीलगाय जैसे वन्यजीवों का पर्याप्त आहार बड़ा एरिया और प्राकृतिक जलस्त्रोत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



बुंदेलखंड के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (पुराना नौरादेही अभयारण्य) में बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। बाघों की संख्या 7 साल में 11 गुना हो गई है। इनमें 65 से 70 फीसदी संख्या बाधिनों की है। बाधिन एक बार में 3-4 शावकों को जन्म देती है। यदि 2 भी जीवित रहे तो अच्छी खासी संख्या होगी। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगले 5 साल में यहां बाघों की संख्या 50 तक पहुंचने की उम्मीद है टाइगर रिजर्व में बाघों की वंशवृद्धि के लिए यहां की आवोहवा और अनुकूल माहौल बड़ी वजह है। क्षेत्रफल में प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। आहार के लिए शाकाहारी वन्य जीवों की पर्याप्त संख्या और प्यास बुझाने के लिए यहां प्राकृतिक जल स्त्रोत हैं। 25 दिन पहले टाइगर रिजर्व में बाघिन एन-112 के साथ 4 शावक कैमरे में कैद हुए थे। ये सभी तंदुरुस्त हैं। टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद बाघ वंशवृद्धि का यह पहला अवसर है जून 2023 में प्रदेश के सातवें और बुंदेलखंड के दूसरे टाइगर रिजर्व को नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी मिली थी। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दमोह सागर नरसिंहपुर जिले का कोर एरिया शामिल किया गया है। 2018 बाघ शिफ्टिंग प्रोजेक्ट के तहत बाघ-बाघिन लाए जाने के कुछ साल बाद यहां कुछ बाहरी बाघ आकर बस गए। टेरेटरी को लेकर बाघों के बीच संघर्ष हुआ। यहां 20 से 25 तेंदुओं के अलावा चिंकारा, हिरण, नीलगाय, सियार, भेड़िया, लकड़बग्घा, भालू, मगरमच्छ, सांभर, मोर, चीतल व अन्य वन्य जीव भी हैं।

### बाधिन राधा बनी मदर ऑफ दुर्गावती टाइगर रिजर्व

टाइगर रिजर्व की पहली बाघिन राधा की बेटियों से बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। एक बार में 4-4 शावकों को जन्म दिया। बाघिन राधा की पहली संतान ने दोबारा 4 बच्चों को जन्म दिया है। बाघिन राधा ने पहली बार नौरादेही में 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया था। जिनमें दो मादा और एक नर था। दोनों बेटियों से वंशवृद्धि हो रही है। इसलिए राधा को मदर ऑफ दुर्गावती टाइगर रिजर्व कहा जाने लगा है। डेढ़ साल पहले नौरादेही के पहले बाघ किशन एन-2 की एक बाहरी बाघ से संघर्ष में मौत हो गई थी।

### शावक गणना में शामिल नहीं

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि बाघिन एन-112 अपने चार शावकों के साथ नजर आ रही है। उसने पहले जिन 4 शावकों को जन्म दिया था उनके साथ वह 2 साल तक रही। शावक बड़े होकर उससे अलग हुए तो फिर से गर्भवती हो गई। अंसारी ने कहा शावकों को गणना में शामिल नहीं किया जाता, लेकिन अब बाघों की संख्या 23 हो गई है।

### बाघ दिखेंगे तो टूरिज्म बढ़ेगा

बाघों की संख्या बढ़ने के बाद यहां टूरिज्म की भी काफी संभावनाएं हैं। पर्यटकों को बाघ दिखेंगे तो यहां आने वालों की तादाद भी बढ़ेगी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन को पर्यटकों के लिए कुछ सुविधाएं बढ़ानी होंगी। आसपास स्टे होम्स, सफारी वाहन और हवाई सेवा की सुविधा मिले तो यहां देश-विदेश से टूरिस्ट आएंगे

### अगले 4-5 साल में ही 50 बाघ गिने जा सकते हैं

पुराना नौरादेही और वर्तमान वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों के रहवास के लिए काफी अनुकूल माहौल है। गांवों के विस्थापन से यहां वन्य प्राणियों के लिए खुला और शांत वातावरण मिला है। आहार के लिए शाकाहारी जीवों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां पहले जो चीतल छोड़े गए थे उनसे वंशवृद्धि के कारण इनकी अच्छी खासी तादाद है। बाघों को यहां सभी तरह का परिवेश मिल रहा है। अगले 4-5 साल में ही यहां बाघों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है।

**सेवाराम मलिक**
**रिटायर एसडीओ नौरादेही**

### सेना के सम्मान में निकाली गई नोहटा में भव्य तिरंगा यात्रा

# माताओं का सिंदूर उजाड़ने वालों को ऑपरेशन सिंदूर से दिया गया करारा जवाब - राज्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर विधानसभा क्षेत्र जबेरा एवं जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में गुरुवार को संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ग्राम नोहटा के अवंती बाई लोधी परिसर से किया गया। जो बस स्टैंड, गांधी चौक, पेट्रोल पंप एवं नोहलेश्वर मंदिर से होते हुए पुनः अवंती बाई लोधी परिसर में पहुंचकर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्तों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय फहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाते हुई नगर भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही और तिरंगा यात्रा में शामिल हर व्यक्ति के मन में देशभक्ति एवं देश प्रेम के भाव साफ झलक रहे थे। इस दौरान संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम कायराना हमले में जो माताओं का सिंदूर उजाड़ने का काम आतंकियों ने किया था उसके जबाव में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे वीर सैनिकों ने दुश्मन के दांत खट्टे कर उन्हें करारा जबाव देने का काम किया और कई आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया। ऐसे वीर जवानों के सम्मान में आज नोहटा में तिरंगा यात्रा निकल गई। इस दौरान उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा भव्य आयोजन में मुख्य रूप से सहयोग कर रहे राज्यमंत्री के अनुज नितेंद्र सिंह लोधी,सत्येंद्र सिंह लोधी एवं उनकी समस्त सहयोगी टीम के साथ लालसिंह यादव, ओम प्रकाश महोविया सहित बड़ी संख्या में माताओं बहनों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

### भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

# भारत माता की जयकारों के साथ निकली राष्ट्र हित की तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

भारतीय सेना के शौर्य का प्रतीक आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा यात्रा निकालकर जश्न मनाया जा रहा है। गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल सहित नेताओं ने बटियागढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा बटियागढ़ ग्राम पंचायत से थाना परिसर तक निकाली गई। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों और बलिदान हुए सेना के जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। बटियागढ़ मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मध्यप्रदेश के सभी भाजपा मंडलों में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें नगर के सभी वर्गो के लोगों ने हिस्सा लिया। दमोह से आये भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र परिहार ने कहा कि भारतीय के एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइलों ने पाकिस्तान को खैरात मिले अमेरिका चीन, तुर्किए जैसे देश के हथियारों निष्प्रभावी और नष्ट कर दिया। इससे पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा है। सेना ने दिखा दिया कि भारतीय सेना किसी से कम नहीं है। बटियागढ़ मंडल उपाध्यक्ष ने राजेश चौरसिया ने कहा कि भारतीय सेना के अदंब साहस और वीरता को समर्पित यह यात्रा बटियागढ़ मंडल में निकाली गई जिसमें सभी वर्गों और राष्ट्रप्रेमीयो ने हिस्सा लिया। इस दौरान भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला, जिला मंत्री शिवांक असाटी, युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष अंकित राजपूत, ऋषि पटेल, रामवतार कुड़ेरिया, भगतसिंह, बद्री विश्वकर्मा, बटियागढ़ प्रभारी तहसीलदार पांडे, थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे सहित पुलिस बल सहित नगर के सभी गणमान्य नागरिक की मौजूदगी रही।

# दिव्य ज्योति कलश रथ तेवरईया गांव पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समीपस्थ ग्राम तेवरईया में अखंड दीप एवं माता भगवती देवी जन्म शताब्दी शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य ज्योति कलश रथ की अगवानी की गई। रथ में रखे हुए दिव्य कलश की आरती उतार कर पुष्प बर्षाकर सभी परिजनों ने सिर पर धारण कर यज्ञ मंच पर स्थापित किया। पन्ना जिले से रथ के साथ चल रहे शांतिकुंज प्रतिनिधि वरिष्ठ परिजन रतनलाल अग्रवाल ने रथयात्रा के उद्देश्य को बताते हुए कहा सभी को अपने परिवार एवं राष्ट्र का सुरक्षा कवच बनाने हेतु दस माला गायत्री मंत्र एवं एक माला महामृत्युंजय मंत्र द्वारा ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान साधना नियमित करने पर बल दिया। एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ में मंगलाचरण करवाते हुए संदीप ने कहा मंगल आचरण ही श्रेष्ठ कर्म है श्रेष्ठ कर्म ही यज्ञ है। श्रेष्ठ कर्म करने वालों का समाज में सम्मान बढ़ना चाहिए उनका उत्साह वर्धन करना चाहिए। यहीं से यज्ञ शुरुआत की जाती है। मंगल आचरण द्वारा ही जीवन को यज्ञमय बनाया जा सकता है।इस अवसर पर यज्ञ में पधारे प्रज्ञापीठ व्यवस्थापक रामस्वरूप दुबे, गायत्री परिजन राजाराम पटेल, सुल्तान सींग, गुलजार सींग लोधी, जगदीश पटेल घनश्याम दाहिया सुंदर सेन और उपस्थित सभी ग्रामवासियों के प्रति दिनेश दुबे ने आभार व्यक्त किया। शांतिकुंज का यह रथ तेवरईया से हिनौता कला पहुंचने पर ज्योति कलश का पूजन एवं देवरा जामशा में दीपयज्ञ का कार्यक्रम हुआ।

# दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी 18 जून को आएंगी

**दमोह।** बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ आबू धाबी, लोक प्रिय रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल, जन परिषद के दमोह चैप्टर के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आगामी (दिनांक) 18 जून को दमोह पधारेगी। दमोह चैप्टर के



पदाधिकारी सुधीर विद्यार्थी, मनोज जैन ,दिनेश प्यासी, अभिषेक सिंघई एडवोकेट,सौरभ विद्यार्थी,प्रीति गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि इसअवसर पर नगर को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी तथा नवनिर्वाचित जनपरिषद चैप्टर जिला एवं महिला शाखा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त आयोजन में जनपरिषद के राष्ट्रीय संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीरामजी श्रीवास्तव एवं प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव, संभागीय सचिव अन्नी दुबे एडवोकेट,उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सुनील जैन पूर्व विधायक सागर के साथ दमोह जिले के सम्मानीय गणमान्य अतिथिगणों की विशेष उपस्थिति रहेगी। आयोजकों ने बताया कि समारोह में दमोह के इतिहास में पहली बार ब्यूटी एंड फैशन जगत की कोई अंतराष्ट्रीय स्तर की पर्सनैलिटी आ रही हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दमोह की परंपरा अनुसार अतिथियों का स्वागत करें ।

# सांसद ने सीतानगर बांध, बेबस सुनार-2 समूह जल प्रदाय योजना का लिया जायजा

**सम्पूर्ण भारत देश में हर घर नल जल योजना के माध्यम से सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य केंद्र और राज्य सरकार कर रही है-सांसद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत देश में हर घर नल जल योजना के माध्यम से सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य केंद्र और राज्य सरकार कर रही है, इसी क्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने सीतानगर सिंचाई परियोजना कार्य एवं जल निगम तथा सिचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इंटैल वैल, रॉ-वॉटर पंपिंग मैन, ओवरहेड टैंक सहित अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही सीतानगर बांध, डब्ल्यूटीपी, पम्प हाउस का जायजा लिया। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा बांध का काम पूरा कंप्लीट हो गया है लेकिन पानी सप्लाई के काम में लगभग एक वर्ष और लगेगा, सही समय पर बांध बनकर के पूर्ण हो गया और पानी सही समय पर पहुँच जाए और इससे लगभग पथरिया विधानसभा, पथरिया ब्लॉक, हटा ब्लॉक, दमोह जनपद के लक्ष्मण कुटी के तरफ के ग्राम पटेरा और कुछ हटा के ग्राम और फिर हटा से वहाँ बिजावर होते हुए लगभग 377 ग्रामों तक इस परियोजना के माध्यम से पीने का पानी और सिंचाई का पानी पहुंचेगा। परियोजना का लक्ष्य 2026 में पूर्ण होगा। सांसद श्री लोधी ने कहा लगभग 98 टंकियों का निमार्ण होना है, उसकी कार्यप्रगति को देख रहे हैं कि तय समय पर कार्य हो जाए। प्रधानमंत्री जी और मध्यप्रदेश सरकार के माध्यम से यह परियोजना यहाँ पर आयी है, तो हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है की सही समय पर योजनाएं सुचारू रूप से संचालित हो जाए और आमजन, किसानों को लाभ पहुँचे। कार्य जल्दी-जल्दी पूर्ण हो जाए और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर कमलों से उद्घाटन हो, उसके लिए हम संकल्पित हैं। क्रमवार तरीके से सभी 3 महीने बाद फिर आएँगे और इसी क्रम में निरंतर संपूर्ण लोकसभा में जहाँ-जहाँ बड़ी-बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, उनकी समीक्षा और निरीक्षण का कार्य लगातार जारी रहेगा।

### 330 ग्रामों में होगा जल प्रदाय

बेवस सुनार-2 समूह जल प्रदाय योजना सीता नगर बांध से दमोह, हटा, पथरिया विकासखंड की 167 पंचायत के 330 ग्रामों में किसानों के खेतों को पानी तथा आमजन को शुद्ध पीने का पानी प्राप्त होगा। इनमें दमोह विधानसभा के दमोह विकासखंड की 18 ग्राम पंचायतों के 38 ग्रामों में जल प्रदाय किया जाएगा। इसी प्रकार हटा विधानसभा के हटा की 35 ग्राम पंचायतों के 78 ग्राम, पटेरा की 14 पंचायतों के 23 ग्राम, दमोह की 06 पंचायतों के 11 ग्राम, पथरिया विधानसभा के बटियागढ़ विकासखंड की 56 ग्राम पंचायतों के 115 ग्राम तथा पथरिया की 38 पंचायतों के 65 ग्राम शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पं. नरेंद्र व्यास, पं. सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, गौरव पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जल निगम विभाग और एजेंसी के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधानसभा स्तरीय निगरानी कमेटी का कलेक्टर ने किया गठन

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के तहत दमोह जिले के विधानसभा स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने विधानसभा स्तरीय निगरानी कमेटी का गठन किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने विधानसभा स्तरीय निगरानी कमेटी में विधानसभा क्षेत्र 054-पथरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पथरिया अध्यक्ष होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, पथरिया/बटियागढ़ को उपाध्यक्ष बनाया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पथरिया, विकासखण्ड चिकित्सा अधि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया/बटियागढ़, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पथरिया / बटियागढ़, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, पथरिया/बटियागढ़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पथरिया को सदस्य नियुक्त किया गया।उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 055-दमोह के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह अध्यक्ष होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह को उपाध्यक्ष बनाया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दमोह, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमोह, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास दमोह, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दमोह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह को सदस्य नियुक्त किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 056-जबेरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तेन्दूखेड़ा अध्यक्ष होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा/जबेरा को उपाध्यक्ष बनाया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) तेन्दूखेड़ा, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा/जबेरा, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास तेन्दूखेड़ा/जबेरा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तेन्दूखेड़ा/जबेरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेन्दूखेड़ा/जबेरा को सदस्य नियुक्त किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 057-हटा (अ.जा.) के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा अध्यक्ष होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हटा/पटेरा को उपाध्यक्ष बनाया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) हटा, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हटा/पटेरा, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास हटा/पटेरा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हटा/पटेरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हटा/पटेरा को सदस्य नियुक्त किया गया।

## स्वर्णकार समाज ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की बैठक

**दमोह।** स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी मनीष कुमार के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में शहर में कार्यरत बंगाली कारीगरों की निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की ग्न्मं समाज के सभी सुनार बंधु इस बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक का उद्देश्य समाज के व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं कारीगरों के सत्यापन की प्रक्रिया को मजबूत बनाना था। टीआई मनीष कुमार ने समाज को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

**टेन्ट, रसोईयों को समझाईश देकर छोडा**

# टीम ने तीन बाल विवाह रुकवाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



महिला बाल विकास विभाग दमोह , संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह एवं सागर नाका चौकी पुलिस दमोह की संयुक्त बाल विवाह निषेध टीम ने ग्राम कुंवरपुर खेजरा पहुंचकर वहां होने वाले 03 बालिकाओं के बाल विवाह को समझाईश देकर पंचनामा कार्यवाही कर रुकवाया। साथ ही टेन्ट एवं रसोईयों को समझाईश देकर छोडा गया। संयुक्त टीम को ग्राम व पंचायत कुंवरपुर खैजरा मे 22 मई 2025 को बाल विवाह होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जब संयुक्त टीम ने आकस्मिक कुंवरपुर खेजरा का दौरा किया तो पाया कि गांव एक परिवार में विवाह संबंधी सारी व्यवस्थाएं हो चुकी है। अपनी दोनो बेटियों का विवाह करने की तैयारी थी। टीम ने दोनों बालिकाओं के जब उम्र से संबंधित दस्तावेजों का सूक्ष्म अवलोकन किया। तो एक की उम्र आधार कार्ड के आधार पर 17 वर्ष 4 माह हो रही थी। जबकि एक की उम्र आधार कार्ड के आधार पर 14 वर्ष 4 माह हो रही है। इस तरह दोनों का विवाह कानूनन अपराध है। इसी तरह इसी गाँव कुंवरपुर खैजरा मे तीन दिन बाद विवाह की तैयारी चल रही थी। टीम ने जब वहाँ जाकर बालिका के आधार कार्ड मे उम्र की जांच की तो निधि की उम्र 17 वर्ष 06 माह निकली। टीम ने दोनों परिवारों एवं उनके परिजनों को बताया कि बाल विवाह कानून अपराध है । लड़की की उम्र जब 18 वर्ष पूर्ण हो जाए। एवं लड़के की उम्र भी जब 21 वर्ष को पार कर जाए। इसके बाद ही अपने बच्चों का विधिवत विवाह करें। मौके पर सभी रिश्तेदारों, टेन्ट वालों, रसोइया टीम को समझाईश देकर समझाया। इस दौरान दो पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गई। इस मौके पर महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ कैलाश राय, एएसआई अकरम खान, सैनिक गीता,सुपरवाइजर सरोज पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति चौबे, रानी अहिरवार, संकल्प समाज सेवी संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे, कार्यकर्ता सुजात खान, ऋषभ राठौर , प्रतिभा सिंह, ऋतु विश्वकर्मा, सचिव संजय मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## रक्तदान कर दिखाई मानवता की मिसाल



**दमोह।** पत्रकार व सक्रिय युवा विकास अग्रवाल ने 44 वीं बार रक्तदान किया। रात के समय अचानक अस्पताल पहुंचकर एक ज़रूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान किया। जैसे ही उन्हें पता चला कि एक गंभीर हालत में पहुंचे मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता है, उन्होंने अपने कर्तव्यों से ऊपर उठकर मानवता को प्राथमिकता दी और बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अस्पताल प्रशासन और मरीज के परिजनों ने उनके इस नेक कार्य की सराहना की। पत्रकार विकास अग्रवाल जी का कहना है, ₹पत्रकार होने से पहले मैं एक इंसान हूं, और अगर मेरे रक्त की कुछ बूंदें किसी की जान बचा सकती हैं, तो इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है।

## हरी झंडी दिखाकर रथ किया रवाना

दमोह। युवा संगम, रोजगार-स्वरोजगार तथा अप्रेंटिसशिप मेला कार्यक्रम के प्रचार रथ को सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर युवाओं को मेले की जानकारी देगा तथा उन्हें अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु प्रेरित करेगा। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा यह मेला युवाओं को न केवल रोजगार दिलाने का माध्यम है बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम भी है। ज्ञात हो कि तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन की संयुक्त तत्वाधान में 27 मई एवं 28 मई को प्रातः 11 बजे से 05 बजे तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर नाका, दमोह में युवा-संगम रोजगार-स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

### ग्राम से 8 किलोमीटर दूर बच्चे कैसे पहुंचे एवं बच्चों की मौत कैसे हुई, पुलिस एवं फौरंसिक टीम जॉच कर रही

# आठ दिन पहले गायब हुए मासूम चचेरे भाईयों के शव जंगल में मिले

### एक बच्चे के शव को जानवरों ने खा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा





तेंदूखेड़ा थाना के अंतर्गत ग्राम वघातला से 4-4 साल के दो मासूम बच्चे अपने घर से 8 दिन पहले गायब हो गए थे। जिनकी पुलिस दिनरात तलाश कर रही थी। लेकिन अचानक गुरूवार की सुबह पुलिस को खबर मिली कि ग्राम से लगभग 8 किलोमीटर दूर सांभरलोट नाला दोनी पारना बीट सीमा लाईन के पास थाना तेंदूखेडा जंगल में देनो बच्चो की क्षतिग्रस्त शव बरामद हुए है। जिससे लोगो में भय के साथ दुख व्याप्त हो गया है। ग्राम के लोग अनेक प्रकार की शंका जता रहे है। कोई कह रहा है कि दुश्मनी के बजह से जान गई है तो कोई कह रहा है कि किसी देवीदेवता को बली दी गई है। हालाकि दमोह से डांग स्कार्ड टीम व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच की है। जिसकी जॉच आने के बाद एव पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामलो का खुलासा होगा। सबसे बड़ी हैरान करने बाली बात है कि दोनो छोटे छोटे बच्चे इतनी दूर कैसे चले गए। जिसका सबको आश्चर्य हो रहा है। ज्ञात हो कि 14 मई बुधवार की दोपहर लगभग 11 बजे नमन पिता मिलन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघातला एवं देवांश पिता किशन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघातला थाना तेंदूखेड़ा दोनो अचानक घर से कहीं चले गए। दोनो ही बच्चे एक ही परिवार के है व दोनो चचेरे भाई थे। तेंदूखेड़ा पुलिस ने किशन पिता बड्डे आदिवासी उम्र 38 साल निवासी ग्राम बघातला थाना तेंदूखेडा की सूचना पर दोनो बच्चो का गुम इंसान कायम किया था। साथ ही पुलिस ने ग्राम के आसपास के जंगलो को खंगाला था। इसके अलावा दमोह जिला एवं जबलपुर जिला की पुलिस को भी अवगत कराया गया था। इसके अलावा डीआईजी सागर सुनील जैन एवं एसपी दमोह सुतकीर्ती सोमवंशी भी मोका स्थल पर पहुंचकर परिजनो से बात की थी। जिस कारण तेंदूखेड़ा पुलिस दोनो बच्चो की हर जगह तलाश कर रही थी। लेकिन गुरूवार की सुबह 7 बजे पुलिस को दोनो बच्चो के नमन देवांश के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। दोनो के शव क्षत विक्षत्त मिले। एक बच्चे के शव को जानवरो ने खा लिया है।



तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया है कि बच्चो के परिजनो ने किसी भी प्रकार की शंका व्यक्त नहीं कर रहे है। प्रथम दृष्टिया ऐसा लग रहा है कि दोनो बच्चे जंगल में जाकर भटक गए है और भूख और प्यास के कारण उनकी मौत हो गई है। एक बच्चे के शव को जानवरो ने खा लिया है जबकि दूसरे बच्चे का शव ठीक है। दोनो बच्चे के शवो के पोस्टमार्टम के लिए सागर मेंडीकल कालेज भेजा गया है। जिनका आज पोस्टमार्टम होगा। अभी स्पष्टतौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता है। फौरसिंक रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम की रिपोट मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा कि बच्चो की मौत कैसे हुई है।

## वन विभाग की कार्रवाईः सेंचुरी में अवैध ट्रैक्टर ट्राली जप्त



**सिंग्रामपुर।** रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के निधान बीट और गुबरा बीट के सेंचुरी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। इस दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है, जो सेंचुरी के अंदर अवैध रूप से खड़ा हुआ था।- सेंचुरी रेंजर एजाज कुरैशी ने बताया कि गस्ती के दौरान गुबरा बीट के लोढा नाला पास सेंचुरी के अंदर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है।- ट्रैक्टर के कागजात प्राप्त नहीं हुए हैं, जिस पर कार्रवाई कर ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है।वन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य सेंचुरी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकना और वन्यजीवों के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। उक्त कार्यवाही- सेंचुरी रेंजर एजाज कुरैशी- डिप्टी रेंजर लईक शहजाद- वनरक्षक रीना जाटव बल्लू ठाकुर सरिता वन विभाग की टीम कार्रवाई में शामिल रहे।

## समर कैम्प का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

शासन के निर्देशानुसार 1 मई से 20 मई तक पी.एम.श्री.शास. हाई स्कूल कुंडलपुर में समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न कलाओं एवं विधाओं में बढ़-चढ़कर पूरे उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य जे एस अहिरवार सर ने समर कैम्प के बारे में संक्षिप्त में बताया इस अवसर पर शास. कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र कटहरे, एक्सीलेंस स्कूल पटेरा से विनय जैन कुंडलपुर सरपंच पुरुषोत्तम कुशवाहा, अभिभावक उदयचंद सिंघई, लाल सिंह राजपूत। समर कैम्प के प्रभारी शिक्षक श्रीमति रूपवती अहिरवार, श्रीमती माधवी जैन, अशोक गर्ग, विद्यालय के शिक्षक श्रीमती विभा जैन, श्रीमति तारा नामदेव, भान कुमार चौरसिया, मुंशी लाल सैयाम, सुरेंद्र सिंह, निखिल गौतम की सहभागिता रही। आभार संस्था प्राचार्य जे.पी. पटेल सर ने व्यक्त किया।

## सीतानगर डैम निरीक्षण के दौरान मधुमक्खियां का हमला

**दमोह।** सीता नगर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत सीता नगर डैम का निरीक्षण करने पहुंचे दमोह सांसद अपने कार्यकर्ताओं के साथ जैसे ही बीच पुल ऊपर से ड़ैम का निरीक्षण कर रहे थे तभी मधुमक्खियां ने हमला कर दिया। देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में संसद के साथ कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग के बीच अफरा तफरी का महौल बन गया। पुलिस स्टाफ के साथ में सांसद जी के घूम रहे थे तभी मधुमक्खियां का झुंड आया और सभी पर हमला कर दिया। देखते ही देखते सभी लोग अपनी जान बचाकर सिद्ध पहाड़ी की ओर दौड़े। कोई अपनी गाड़ियों में छुपा तो कोई अपने ऊपर तोलिया डाल रहा था। मधुमक्खियां से बचने के लिए सभी डैम के ऊपर सिद्ध पहाड़ी की ओर आए पर वहां से लगभग 1 किलोमीटर दूर नल जल योजना के तहत फिल्टर बनाया जा रहा है जिसका निर्माण चालू है वहां पर भी सांसद महोदय पहुंचे तो वहां पर भी मधुमक्खियां ने हमला कर दिया दोनों जगह से कार्यकर्ताओं व नेताओं को भागना पड़ा।

## अनामिका रोहित पीएससी परीक्षा में चयनित



**दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा मे तकनीकी शिक्षा के रोजगार एवं कौशल विकास विभाग मे "उप संचालक" के पद पर प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण किया। उन्होंने यह पद अनुसूचित जाति कोटे का फायदा ना लेते हुए महिलाओं में रैंक 1 लाकर यूएनएफ की सीट से हासिल किया।वे वर्तमान मे जल संसाधन विभाग मे सब इंजीनियर के पद पर मंडला जिले में कार्यरत हैं। सेंट जॉन स्कूल से पढ़ाई प्रारंभ कर, ग्रेजुएशन एसजीएसआईटीएस कॉलेज से एवं पोस्ट ग्रेजुएशन मानिट भोपाल से किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रीरे अपने पापा पन्नालाल रोहित माता जानकी एवं पति सोमेंद्र सूर्यवंशी को दिया।

## सड़क हादसे में भाई की मौत, बहन घायल, लगन में शामिल होने जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर दिन सड़क हादसे निकलकर सामने आ रहे हैं कहीं वाहनों की रफ्तार वजह बन रही हैं तो कहीं बिना हेलमेट और कहीं अंधी मोड़ इन हादसों की वजह बन रही है। इन हादसों में लोगों की जान जा रही है तो दर्जनों लोग घायल भी हो रहे हैं। लेकिन लोग सावधानी से सफर करना नहीं समझ रहे हैं। गुरुवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो मार्ग पर दो सड़क हादसों में एक की मौत हो जाने सहित दो लोगों के घायल होने का घटनाक्रम सामने आया है जहां पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

लगन समारोह में शामिल होने जा रहे भाई की मौत बहन घायल

गुरुवार की शाम 4 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर चौराई और कछार के बीच एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक लड़की घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। लेकिन डॉ द्वारा युवक को मृतक घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार नीलेश पिता नोनेलाल अहिरवार उम्र 22 वर्ष रश्मि पिता नोनेलाल अहिरवार उम्र 17 वर्ष निवासी शिवलाल खमरिया थाना तारादेही के निवासी हैं। घटना के संबंध में परिजनों द्वारा बताया गया है कि नीलेश अहिरवार और रश्मि अहिरवार दोनों भाई बहन हैं और चौपड़ा गांव में बुआ के यहां पर लगन समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। लेकिन रास्ते में कंटेनर क्रमांक एमपी 04 डी पी 2931 एवं बाइक क्रमांक एमपी 34ए 05238 है कंटेनर तेन्दूखेड़ा की तरफ से तारादेही महाराजपुर की ओर जा रहा है। बाइक सवार तारादेही की तरफ से तेन्दूखेड़ा की और आ रहे हैं। इसी बीच यह हादसा हो गया राहगीरों द्वारा बताया गया है कंटेनर चालक द्वारा तेज रफ्तार से क्रासिंग के दौरान सीधे बाइक सवार को टक्कर मार दी घटना की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। और वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए थाना परिसर में रखवाया गया है। वहीं शव का शुक्रवार की सुबह पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम होगा ओर शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

वहीं दूसरी घटना दमोह मार्ग पर हुई है जहां पर बम्हौरी और पिंडरई के बीच अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मारकर मौके से भाग निकला जहां घायल को उठाकर परिजनों इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर युवक का इलाज किया गया। जानकारी अनुसार मुकेश पिता हल्का बसोर कटरा बेलखेड़ा थाना पाटन का निवासी है जो हादसे का शिकार हुआ है। वहीं परिजनों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में इलाज नहीं मिलने पर डाक्टरों पर आरोप लगाया है। अशोक बेन का कहना है स्वास्थ्य केंद्र में घायल को ना ही इलाज मिला है ना ही कोई चेकअप किया है जबकि युवक के शरीर में गंभीर चोटें है। पुलिस द्वारा दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने दी दबिश, आठ आरोपियों से अवैध शराब जब्त



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध शरा निर्माण, विक्रय व परिवहन करने वालों पर अंकुश लगाने तथा इनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में दमोह देहात पुलिस द्वारा 22 मई 2025 को थाना दमोह देहात द्वारा जबलपुर नाका चौकी क्षेत्रान्तर्गत परसराम टेकरी के पास अलग-अलग स्थानों पर दविस देकर अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 6 आरोपियों से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई तथा आबकारी एक्ट के तहत 06 प्रकरण दर्ज किये गये एवं करीबन 310 कि.ग्रा. कीमती 12500 रूपये का महुआ लहान का नष्टीकरण किया गया। पुलिस ने शालनी कुचबंदिया पति सूर्या कुचबंदिया उम्र 22 साल, पूजा पति बलराम कुचबंदिया उम्र 35 साल नि. परसरामम टेकरी के पास दमोह, संजना पति सोहित कुचबंदिया उम्र 30 साल नि. परसराम टेकरी के पास दमोह, अर्चना पति मोहित कुचबंदिया उम्र 38 साल नि. परसराम टेकरी के पास दमोह, ललिता पति दस्सू कुचबंदिया उम्र 35 साल नि. परसराम टेकरी के पास दमोह, मनीषा पति जंगसीग कुचबंदिया उम्र 28 साल नि. पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे दमोह को पकड़ा है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रचना मिश्रा, सउनि आंनद कुमार, सउनि अभय सिंह, प्रआर. दीपक, प्र.आर. संजय पाठक, प्र.आर. कामता, प्रआर. मुकेश, प्र.आर. राजेश चौबे, प्र.आर. सचिन, प्र.आर. सुमन, आर. पवन, आर. कुलदीप, आर. रूपेश, आर. जितेन्द्र, सै. मेहफूज, सै. सुनील तिवारी, सै. साहब, म.सै. प्रभा, म.सै. रेखा की भूमिका रही।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

### सैनिकों की वीरता व पीएम मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता विश्व पटल पर स्थापित हुई : विधायक उमादेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर हटा नगर में विधायक उमादेवी खटीक की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान लोगों ने भारत माता की जय, वंदेमातरम, जय जवान के नारों की गूंज के बीच देश भक्ति का अद्भुत जुनून देखने को मिला। गुरुवार शाम को निकाली गई तिरंगा यात्रा चंडी जी के समीप उमा काम्प्लेक्स से रतन बजरिया, बड़ा बाजार मंदिर मस्जिद चौराहा से राय चौराहा होते हुए तीन बत्ती तिगड्डा पहुंची जहां यात्रा का भव्य समापन हुआ। इस मौके पर विधायक उमादेवी खटीक ने इसे राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का उत्सव है। नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत कर राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना और भारतीय सेना के सराहनीय कार्यों का सम्मान करना था ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय जवानों ने निर्भीकता से देश की रक्षा की है, देश को एकता के सूत्र में बांधा है, भारत के स्वाभिमान भारत के जवान हैं। वहीं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि भारत की जनशक्ति ने एक सशक्त नेतृत्व को केंद्र की गद्दी पर बैठाया है। भाजपा की मोदी सरकार ने देश हित में हर वो निर्णय लिया, जिससे भारत का मस्तक विश्व में सदैव ऊंचा रहे। यात्रा में शामिल पुरुषो महिलाओं बच्चों द्वारा हाथों में देशभक्ति और राष्ट्र रक्षा के प्रति उत्साहवर्धन के लिए उत्साह के साथ तिरंगा लहराते हुए उमंग देखा गया। रैली में भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष मनीष पलया, सोमिल सिंह हजारी, सुधा सेन, पप्पू मयंक खटीक, बबलू राय, गुड्डा भाटिया, रसीद सिद्दीकी, सुशील सेलट, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष सहित समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों महिलाओं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का सफल संचालन शिक्षक संदीप सोनी द्वारा किया गया।

### इस बार नक्षत्रों के प्रभाव से बढ़ेगी तपन, 8 जून तक प्रभावी रहेगा नौतपा

# नौतपा में धरती पर आग उगलेगा सूर्य 25 को रोहिणी नक्षत्र में करेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हर साल लोगों को नौतपा का बेसब्री से इंतजार रहता है। मान्यता है कि नौतपा में धरती सूर्य की रोशनी से जितनी तपती है, उसके प्रभाव से बरसात भी प्रभावी होता है। विद्वानों का मत है कि इस साल 25 मई को सूर्य का रोहणी नक्षत्र में सुबह साढ़े 9 बजे प्रवेश होगा। ज्योतिषाचार्य पंडित दिनेश प्यासी ने बताया कि यह चंद्रमा का नक्षत्र होने से इसमें सूर्य के प्रवेश से तापमान बढ़ जाता है। ज्योतिष गणना संकेत दे रहा है कि इस बार भी नौतपा का प्रभाव 8 जून को दोपहर में एक बजकर 4 मिनट तक रहेगा। महाराज ने बताया कि सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में पहुंचते ही धरती पर तापमान अपने चरम पर पहुंच जाता है। इससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोग जानने का प्रयास करते हैं कि कब से कब तक नौतपा प्रभावी रहेगा।

### सूर्य का मृगशिरा नक्षत्र में होगा प्रवेश

नौतपा के दौरान सूर्य की आराधना करें और सुबह जल्दी उठकर सूर्य देव को जल अर्पित करें। जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो 9 दिन तक सूर्य अपने चरम पर रहता है। सूर्य के इस नक्षत्र में जाने से भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान सूर्य की उपासना करने का विशेष महत्व बताया गया है। नौतपा के दौरान सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तो इससे ग्रह भी शांत होते हैं। नौतपा का प्रभाव 8 जून तक रहने वाला है। इसके बाद सूर्य देव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। 15 जून को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे और इसके बाद बारिश की दस्तक से तपन कम होगी।

### नौतपा में सूर्य आराधना करना फलकारी

नौतपा में भीषण गर्मी को देखते हुए विवाह जैसे मांगलिक कार्य या फिर यात्रा करते समय सावधानी भी बरतनी चाहिए। विद्वान बताते हैं कि नौतपा में आदित्य हृदय स्रोत का पाठ करना फायदेमंद माना गया है। नौतपा के दौरान सूर्य नारायण की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि व खुशहाली आती है। वहीं, नौतपा में बिना किसी काम के बार-बार घर से बाहर निकलने से बचें। इस दौरान बच्चों को भी बाहर जाने से रोकें। क्योंकि, सूर्य की तेज किरणें सेहत पर भी बुरा प्रभाव डालती हैं।

**नाम सुधार सूचना**

मैं शपथकर्ता रुपेश अग्रवाल उम्र 36 वर्ष आत्मज श्री मुरारी लाल अग्रवाल निवासी 387 नया बाजार न 05 तह. दमोह जिला दमोह यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम में ROOPESH AGRAWAL लिखा हुआ हैं जबकि मेरे सभी अन्य दस्तावेजों में RUPESH AGRAWAL लिखा हुआ है में अपना पासपोर्ट नवीनीकरण करा रहा हू मेरा सही नाम रुपेश अग्रवाल (RUPESH AGRAWAL ) है तथा पूर्व में दर्ज नाम (ROOPESH AGRAWAL) गलत है अत: सही नाम दर्ज किया जाये । एवं भविष्य मुझे किसी भी प्रकार से पत्राचार रुपेश अग्रवाल (RUPESH AGRAWAL) के नाम से ही किया जावे।

**रुपेश अग्रवाल**
पिता श्री मुरारी लाल अग्रवाल
निवासी नया बाजार न 05 दमोह